# पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई लोगों ने दी हिंदी दिवस की शुभकामनाएं




**नयी दिल्ली :** हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है, जिसके जरिए हिंदी का प्रचार प्रसार किया जाता है। हिंदी दिवस को आज के दिन इसलिए मनाया जाता है क्योंकि 14 सितंबर को ही 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया था। इसके बाद 1953 में राजभाषा प्रचार समिति ने इस दिन को मनाने का फैसला किया।

इस दिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को हिंदी दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, "हिंदी दिवस पर सभी देशवासियों को बहुत–बहुत शुभकामनाएं।"

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हिंदी दिवस के अवसर पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। देश की आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी के 75 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में अमित शाह ने लिखा कि सभी भारतीय भाषाएं हमारा गौरव और विरासत हैं और उन्हें समृद्ध किए बिना हम आगे नहीं बढ़ सकते। अमित शाह ने हिंदी में पोस्ट किया, ष्सभी भारतीय भाषाएं हमारा गौरव और विरासत हैं, उन्हें समृद्ध किए बिना हम आगे नहीं बढ़ सकते। राजभाषा हिंदी का हर भारतीय भाषा के साथ अटूट रिश्ता है। इस वर्ष हिंदी ने देश की राजभाषा के रूप में जनसंचार और राष्ट्रीय एकता के 75 वर्ष पूरे किए हैं। मुझे विश्वास है कि सभी भारतीय भाषाओं को साथ लेकर राजभाषा हिंदी विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देती रहेगी।ष बता दें कि केंद्रीय मंत्री शनिवार को श्भारतीय भाषा अनुच्छेदश का भी उद्घाटन करेंगे जिसका उद्देश्य हिंदी के साथ–साथ भारतीय भाषाओं के प्रयोग को बढ़ावा देना तथा उनके बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को हिंदी दिवस के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। नड्डा ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा कि हिंदी भावनाओं का सशक्त वाहक है और इसने राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ष्हमारी भावनाओं की सशक्त संवाहक हिंदी ने देश के विविध समाज और संस्कृति को एक सूत्र में बांधकर तथा शास्त्र, साहित्य, संगीत आदि माध्यमों से अपनी अभिव्यक्ति देकर राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक लोगों के बीच संवाद का यह माध्यम हमारी अमूल्य संपत्ति है। आइए, हम सब मिलकर राजभाषा हिंदी सहित देश की सभी समृद्ध भाषाओं को बढ़ावा देने का संकल्प लें।ष उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस अवसर पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। धामी ने लिखा कि हिंदी भाषा राष्ट्र की आत्मा और गौरव का प्रतीक है।

# नव वत्सा का शुभ आगमन, पीएम मोदी के घर आया नन्हा मेहमान!



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री मोदी के घर एक खास मेहमान आया जिसकी जानकारी खुद उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया है जिसमें वो पीएम हाउस में गाय के बच्चे के साथ नजर आ रहे हैं। वीडियो खुद पीएम ने साझा किया है।

पीएम मोदी बड़े प्यार से गाय को दुलार रहे हैं। पीएम मोदी ने बताया कि इस नव वत्सा का नाम उन्होंने द्वीप ज्योति रखा है। पहले भी प्रधानमंत्री आवास से पीएम मोदी की गाय के साथ वीडियो और तस्वीरें सामने आते रहे हैं। लेकिन इस गाय के बच्चे के साथ पीएम मोदी का ये वीडियो काफी वायरल हो रहा है।

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है – गावरू सर्वसुख प्रदारूश। लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए, मैंने इसका नाम श्दीपज्योतिश रखा है।

गौरतलब है कि इस साल जनवरी में मकर संक्रांति के मौके पर पीएम मोदी ने एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वह अपने आवास पर पुंगनूर गायों को खाना खिलाते नजर आ रहे थे। पुंगनूर नस्ल दक्षिण भारत के राज्यों विशेषकर आंध्र प्रदेश के रायलसीमा क्षेत्र में पाए जाते हैं। यह नस्ल दुनिया की सबसे छोटी कूबड़ वाली मवेशियों की नस्लों में से एक है। इस नस्ल की पहचान इसके कंधे में चरबीदार कूबड़, लटके हुए कान और गलकम्बल से होती है।

# उत्तर प्रदेश में युवाओंके लिए राजस्व विभाग में खुलने वाला है भर्तियों का पिटारा : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के साथ–साथ लिपिकीय संवर्ग के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए तत्काल प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक जैसे पदों के लिए जहां पदोन्नति लंबित है, वहां तत्काल प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कहा है कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर आम आदमी से जुड़ा हुआ है।

आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से लेकर पैमाइश, नामांकन, घरौनी, खतौनी, सर्वे, पट्टा सहित ढेरों महत्वपूर्ण प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो सके, इसके लिए न केवल विभाग के रिक्त पदों पर नई नियुक्ति की आवश्यकता है, बल्कि आवश्यकतानुसार नवीन पदों का सृजन किया जाए। यही नहीं, उन्होंने राजस्व परिषद के अंतर्गत बन्दोबस्त आयुक्त (ग्रामीण) बन्दोबस्त आयुक्त (नगरीय) तथा निदेशक प्रशिक्षण का नवीन पद सृजित करने की भी जरूरत बताई।

शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में राजस्व विभाग के कामकाज और उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व विभाग और राजस्व परिषद में काम के बदलते स्वरूप और अधिकता को देखते हुए दक्ष युवाओं की तैनाती की जानी चाहिए। नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए तहसील, जिला, मंडल और



राजस्व परिषद में आई.टी. में दक्ष लोगों की तैनाती की जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के कार्यों में राजस्व विभाग के कार्मिकों को प्रायः फील्ड विजिट करना पड़ता है।

ऐसे में यह उचित होगा कि लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को वाहन भत्ता दिया जाना चाहिए। इसी तरह नायब तहसीलदार की कार्यक्षमता में बढ़ोतरी के लिए उन्हें चार पहिया वाहन की उपलब्धता कराई जाए। साथ ही, जीपीएस से संबंधित कार्यों के बेहतर संपादन के लिए लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को नए टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आम जन से जुड़े कार्यों को समयबद्धता के साथ मेरिट के आधार पर निस्तारित किया जाए, अनावश्यक कहीं भी कोई प्रकरण लंबित न रहे। राजस्व कार्मिकों के प्रशिक्षण पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने राजा टोडरमल सर्वेक्षण भूलेख प्रशिक्षण संस्थान, हरदोई में आधारभूत अवसंरचना को और बेहतर करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद विभाग स्तर पर प्रस्ताव तैयार कर अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव, अध्यक्ष राजस्व परिषद, प्रमुख सचिव राजस्व सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# छत्तीसगढ़ में वंदे भारत ट्रेन पर हुआ पथराव, आरोपी गिरफ्तार



रायपुर :छत्तीसगढ़ की महासमुंद जिले में वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किया गया है। छत्तीसगढ़ के बागबाहरा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किया गया है। इस घटना के दौरान ट्रेन के तीन कोच को निशाना बनाया गया है। तीनों कोच ब2–10 , ब4–1,ब9–78 है, जिसके शीशो पर पथराव किया गया है।इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक सभी आरोपी बागबाहारा के रहने वाले है। सभी आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

रायपुर : छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुमालपाड़ गांव के करीब सुरक्षाबलों ने एक नक्सली को ढेर कर दिया।उन्होंने बताया कि चिंतागुफा थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना पर सुरक्षाबलों को रवाना किया गया था। दल में जिला बल, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) तथा 'बस्तर फाइटर' के जवान शामिल थे। दल जब तुमालपाड़ गांव के करीब था तब नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी फिर सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।अधिकारियों ने बताया कि कुछ देर तक दोनों ओर से गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए।

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला- 768020, जिला-संबलपुर, ओडिशा
दूरभाष (ईपीबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

सूचना

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in, संबंधित सहायक कंपनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in) सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध हैं। R-5221

# आंध्र प्रदेश में ट्रक और बस के बीच टक्कर, सात की मौत



**नयी दिल्ली :** बेंगलुरू जा रही एपीएसआरटीसी की एक बस शुक्रवार को एक ट्रक से टकरा गयी, जिससे सात लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने चित्तूर जिले के बंगारुपलेम (मंडल) में मोगिली घाट (सड़क) पर हुए भीषण सड़क हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच–पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।यह दुर्घटना चित्तूर जिले के पालामनेरू मंडल के पास मोगिली घाट रोड पर हुई। पुलिस के अनुसार, ट्रक डिवाइडर पार कर बस से टकरा गया। दुर्घटना में सात लोगों की मौत के अलावा 33 लोग घायल हो गए, जिनका पालामनेरू सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# छत्तीसगढ़ के शासकीय मेडिकल कॉलेज में हिन्दी में होगी पढ़ाई

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हिंदी दिवस पर बड़ी घोषणा की। राज्य के शासकीय मेडिकल कॉलेज में हिंदी में भी पढ़ाई होगी। इसी सत्र से मेडिकल कॉलेज में हिंदी पुस्तकों का वितरण शुरू होगा। हिंदी में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने से ग्रामीण अंचल के छात्रों को फायदा मिलेगा। ग पर सुबह सीएम साय ने लिखा था, आप सभी प्रदेशवासियों एवं हिंदी प्रेमियों को ष्राष्ट्रीय हिंदी दिवसष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हिंदी महज एक भाषा नहीं, अपितु हमारे जीवन मूल्यों, संस्कारों तथा राष्ट्रीय एकता का बोध कराने वाली पूरी संस्कृति है। आइए राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर हम सब संकल्पित हों और हिंदी की गरिमा को स्थापित रखते हुए इसे अधिक से अधिक उपयोग में लाएं।

# आदर्श विद्यालय, आदर्श नाम को बनाता है सार्थक

बड़साहि, दिवस स्कूल परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल की चेयरपर्सन देवी प्रतिमा जेना, विशिष्ट अतिथि के रूप में बड़साहि ब्लॉक के बि.डि.ओ बनजा दास, विशिष्ट अतिथि के रूप में बड़साहि तहसील के अतिरिक्त



तहसीलदार बिनीता राणी किस्कू, बड़साहि पंचायत समिति के उपाध्यक्ष कांचन प्रधान, बड़साहि के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में समूह स्वास्थ्य केंद्र के सुकांत पात्र, बडसाहि समूह शिक्षा कार्यालय के एबीईओ पद्मलोचन दास, शिक्षाविद् तोफान सर, विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेंद्र सर और मुख्य वक्ता के रूप में राधाकृष्ण हाई स्कूल, सिंगटिया के हेडमास्टर हरिहर बेहरा ने कहा–आदर्श विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के आचरण, कथन एवं कार्यों में आदर्श प्रतिबिंबित होने चाहिए तथा आदर्श विद्यालयों के आदर्शों का औचित्य उन्होंने अपने भाषण में व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिये गये। मंच संचालन जहां शिक्षक राकेश रोशन पॉट ने किया, वहीं विद्यालय के अन्य शिक्षकों व छात्रों में मौबनी मल्लिक, शुभश्री सामल, समरेंद्र नायक, सरिता हेंब्रम, विश्वजित पंडा, मदन मोहन सिंह, मधुस्मिता नाएक, चंदन माझी, नवकिशोर पात्र, चिन्मय प्रधान, तृप्तिमयी बेहेरा शामिल थे। गोपीनाथ जेना और अन्य कर्मचारियों ने कार्यक्रम प्रबंधन में सहायता प्रदान की। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद शिक्षक अनंत कुमार मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

## बारिश के बावजूद जूनियर डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी

कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार–हत्याकांड मामले को लेकर जूनियर डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन शनिवार को पांचवें दिन भी जारी है। वे अनिश्चित काल के लिए प्रदर्शन जारी रखने की तैयारी कर रहे हैं।शुक्रवार रात और शनिवार सुबह हुई छिटपुट बारिश के कारण प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों को असुविधा का सामना करना पड़ा। हालांकि, हड़ताली डॉक्टरों ने अपना प्रदर्शन और विरोध जारी रखा।हालांकि, कुछ व्यक्तिगत और सामाजिक संगठनों ने प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उन्हें बारिश से बचाने के लिए तिरपाल उपलब्ध कराए।शनिवार सुबह छिटपुट बारिश जारी रहने के दौरान प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टर तिरपालों का उपयोग करके बारिश से बचने में कामयाब रहे।

## विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन

रायपुर, (आरएनएस)। प्रदेश के श्रम विभाग द्वारा मंगलवार 17 सितंबर 2024 को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर मुज्यमंत्री विष्णु देव साय के मुज्य आतिथ्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय श्रमिक सज़्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सज़्मेलन राजधानी के बुढ़ापारा स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इन्डोर स्टेडियम, रायपुर में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में छज़्ीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए संचालित 30 जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाईन प्राप्त आवेदन में से पात्र हितग्राहियों को योजना में प्रावधान अनुरूप सहायता राशि से लाभान्वित किया जाना है। साथ ही कार्यक्रम अंतर्गत श्रमिक हित में किये जा रहे विभाग के प्रयासों एवं सफ्लताओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

Invitation
NF TIMES
UTKAL MAIL TV
Utkal Mail
(The Leading Odia & Hindi Daily)
Cordially invite your august presence at
South Odisha
Media
Conclave - 2024
Communication for Development
At Revenue Inspection Bungalow
Engg. School Road, Berhampur (Odisha)
On 15th Sept. 2024 (Sunday) at 10.00 a.m.
R.S.V.P :
Bibekananda Das, Managing Editor, Mob.: 8249587093
Dr. Pitabasa Mishra, Chief Editor, Mob.: 9437042623
Rakesh Kumar Sarangi, Dist. Reporter - Berhampur, Mob.: 9692922 7263

उत्कल मेल प्रकाशनी प्रा. लि. की ओर से पीतवास मिश्र द्वारा महावीर प्रिंटर्स, सी/२३/१, इंडस्ट्रीयल इस्टेट, राउरकेला-७६९००४ से मुद्रित व प्रकाशित.

प्रधान संपादक
श्रीमती रीता मिश्र
सम्पादक
डॉ. पीतवास मिश्र
संयुक्त सम्पादक
डॉ. सुशील दाहिमा
प्रबंध सम्पादक
मनस्विनी मिश्र
संपादकीय कार्यालय
सी-२३/१, इंडस्ट्रीयल इस्टेट, राउरकेला - ७६९०१२, ओड़िशा
फोन : २४०१९४९ (कार्यालय)
फैक्स : (०६६१) २४०१३३२
E-mail
utkalmailnews@gmail.com